सूचना

आई॰ क्यू॰ ए॰ सी॰ बैठक

आई॰ क्यू॰ ए॰ सी॰ समिति के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों की प्रगति, एवं क्रिस्प पोर्टल पर विभिन्न बिंदुओं पर सूचनाएं अपलोड करने सम्बन्धी विचार विमर्श हेतु एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। सभी सदस्य बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। सभी विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहें।

दिनांक व समय - 6.10.2026, 3.00 बजे

स्थान - प्रबन्ध कक्ष

एजेंडा :- 1. गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि
2. पाठ्यक्रम पूर्णता एवं शेष पाठ्यक्रम की समीक्षा
3. छात्राओं की उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रगति आकलन
4. सतत् आंतरिक मूल्यांकन
5. क्रिस्प पोर्टल सम्बन्धी विचार-विमर्श

6.10.2026
आई॰ क्यू॰ ए॰ सी॰
प्रभारी

Convened
06/10/26
प्राचार्या

बैठक में उपस्थिति

कार्यवाही विवरण

बैठक में IQAC समिति सदस्यों के अतिरिक्त सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, NIRF NATS, ONOS कपिला, उन्नत भारत अभियान व स्वयम् पोर्टल प्रभारी उपस्थित रहे।
बैठक में कार्यवाही व निर्णय निम्नवत हैं।

1. प्राचार्या जी द्वारा विभागवार पाठ्यक्रम शिक्षण पूर्णता, शेष पाठ्यक्रम, विभागीय कार्यक्रम, मेंटोरशिप आदि की समीक्षा की गयी। समस्त विभागाध्यक्षों द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार पाठ्यक्रम शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार किया जा रहा है तथा सतत आन्तरिक मूल्यांकन भी जा रहा है। प्राचार्या जी ने पाठ्यक्रम पुनरावृत्ति के साथ छात्राओं की परीक्षासंबंधी तैयारी कराने पर बल दिया। IQAC प्रभारी की सूचनानुसार मेंटीज के लिए शिक्षण का 22 अगस्त से प्रति शनिवार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से मेंटोरशिप संबंधी प्रपत्र IQAC को उपलब्ध कराने का आग्रह किया साथ ही पाठ्यक्रम शिक्षण संबंधी छात्राओं का फीडबैक लेने का आग्रह किया।
2. छात्राओं में अनुशासन एवं शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ करने हेतु अनुशासन समिति को नियमित निरीक्षण एवं परामर्श देने हेतु निर्देशित किया। यूनिफार्म, नियमित उपस्थिति, मासिक टेस्ट, स्वच्छता आदि निर्देशों के साथ छात्राओं के लिए नोटिस दिया गया।
3. प्राचार्या जी ने क्रिस्प पोर्टल के स्कोर के आधार पर महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में द्वितीय

स्थान प्राप्त होने पर सभी को बधाई देते हुए अधिक अंको की प्राप्ति के प्रयास हेतु प्रोत्साहित किया।

4. क्रिस्प नोडल प्रभारी ने स्कोर बढ़ाने के उद्देश्य से NIRF, NATS, ONOS, उन्नत भारत अभियान पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु निवेदन किया जिस पर प्राचार्या जी का पूर्ण आश्वासन प्राप्त हुआ। स्वयम् पोर्टल के सम्बन्ध में प्राचार्या जी ने बताया कि IIT Bangaluru द्वारा हमारे महाविद्यालय को स्वयम् पोर्टल की अनुमति मिल गई है।

5. IIC के तहत सेबी के अधिकारियों द्वारा वित्तीय अपराधों से बचने के उपाय व परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया।

6. कपिला पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद विधिक जागरूकता कार्यक्रम कराने का प्रस्ताव रखा गया।

7. उन्नत भारत अभियान में रजिस्ट्रेशन करा कर पांच गांव गोद लेने पर विचार हुआ तथा गांवों के नाम पर चर्चा हुई

8. संगीत विभाग द्वारा MOU के तहत दाऊदयाल डिग्री कॉलेज फिरोजाबाद के साथ दिनांक 24.10.2026 को पद्मविभूषण विदुषी गिरिजा देवी की गायन शैली पर एक दिवसीय व्याख्यान व कार्यशाला के आयोजन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी।

9. अंग्रेजी विभाग द्वारा भाषा कौशल विकास को दृष्टिगत रखते हुए Essay writing, Reading, Recitation व Speech competition के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली।

10. प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए तथा शासन द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को सहयोग प्रदान करते हुए 18 वर्ष पूर्ण करने वाली छात्राओं को वोटर बनने के लिए प्रेरणास्वरूप जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत दि० 17.10.2026 तथा 24.10.2026 को न्यारंग व शपथ का आयोजन करने का प्रस्ताव रखा गया।

11. संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ० नीलम के निर्देशन में शोध कर रही शोधछात्रा कु० कीर्ति की थीसिस जमा होने पर प्राचार्या व IQAC समिति के समक्ष P.P.T हेतु दिनांक 28.10.2026 का दिन सुनिश्चित किया गया।

12 N.S.S. के अन्तर्गत पालीवाल महाविद्यालय के साथ MOU करने पर विचार किया गया।

Neelam